तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 22 अक्टूबर 2026

खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार

4 अंडर 14 में जिंदल स्कूल बना राष्ट्रीय चैंपियन
फाइनल में 4-1 से जीत के लिए क्वालीफाई



खबर संक्षेप

संबलपुर-प्रयागराज के बीच कल चलेगी स्पेशल ट्रेन

रायगढ़। यात्रियों की सुविधा के लिए संबलपुर से प्रयागराज के बीच एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन चलेगी। गाड़ी संख्या 08305 संबलपुर-प्रयागराज स्पेशल 23 अक्टूबर शुक्रवार को संबलपुर से रवाना होगी। इस ट्रेन का ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायगढ़ सहित बिलासपुर, अनूपपुर और शहडोल स्टेशनों पर भी निर्धारित किया गया है। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार स्पेशल ट्रेन संबलपुर से शाम 4:30 बजे रवाना होगी। यह झारसुगुड़ा रोड स्टेशन पर शाम 5:40 बजे पहुंचेगी और 5:42 बजे रवाना होगी। इसके बाद ट्रेन शाम 7 बजे रायगढ़ पहुंचेगी और दो मिनट के ठहराव के बाद आगे बढ़ेगी। ट्रेन रात 9:50 बजे बिलासपुर पहुंचेगी और 10 बजे रवाना होगी। अगले दिन रात 12:45 बजे अनूपपुर तथा रात 1:45 बजे शहडोल स्टेशन पहुंचेगी। दोनों स्टेशनों पर दो-दो मिनट का ठहराव रहेगा। निर्धारित ठहरावों के बाद ट्रेन सुबह 9:30 बजे प्रयागराज स्टेशन पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में कुल 20 कोच होंगे। इनमें 14 सामान्य श्रेणी के कोच, चार स्लीपर कोच और दो एसएलआरडी कोच शामिल हैं।

मोबाइल लूटने वाला मुख्य आरोपी समेत 6 गिरफ्तार

रायगढ़। ट्रेलर चालक से चाकू की नोक पर मोबाइल और नकदी लूटने के मामले में जूटमिल पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें लूट की वारदात को अंजाम देने वाला मुख्य आरोपी शनि केंवट और लूटे गए मोबाइल की खरीद-बिक्री में शामिल पांच अन्य आरोपी हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल और बिक्री की रकम से खरीदा गया मोबाइल भी जब्त किया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को रिमांड पर भेज दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार चक्रधरनगर क्षेत्र के कृष्णवाटिका बोईरदादर निवासी दीपक कुमार ने जूटमिल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि 10 अक्टूबर को वह ट्रेलर क्रमांक सीजी 13 एएस 9699 में झारसुगुड़ा से कोयला लोड कर तमनार जा रहा था। सुबह करीब पांच बजे अमलीभौना स्थित शीला पेट्रोल पंप के पास तीन अज्ञात लोगों ने उसे रोक लिया। आरोपियों ने चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और उसका मोबाइल फोन व 200 रुपये नकद लूटकर फरार हो गए। शिकायत पर जूटमिल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने लूटे गए मोबाइल की पड़ताल की। मोबाइल में दूसरा सिम कार्ड इस्तेमाल होने की जानकारी मिली। सिम की जांच करने पर वह मोबाइल दुकान संचालक नीरज परियानी के नाम पर पंजीकृत पाया गया।पूछताछ में नीरज ने बताया कि उसकी दुकान में काम करने वाले भुवन निषाद ने मोबाइल लाकर उसे बेचा था। इसके बाद पुलिस ने भुवन से पूछताछ की, जिसने मोबाइल रोहित दुलेवाले से खरीदना बताया। रोहित ने संजय कुमार सिंह और संजय ने आकाश डेविड से मोबाइल खरीदने की जानकारी दी।

मोबाइल लैब बंद होने से जांच पर संकट

74 में 38 खाद्य नमूनों की रिपोर्ट आई ही नहीं
मोबाइल लैब भी कई महीनों से बंद, पनीर ही लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



खाद्य सुरक्षा विभाग की नींद सिर्फ त्योहारों में ही खुलती है। शेष दिनों में विभाग कुंभकर्णीय नींद में रहता है, हम ऐसा इसलिए कह रहे हैं क्योंकि त्यौहारी सीजन में विभाग सैंपल लेता है, लेकिन इसकी रिपोर्ट त्योहार बीत जाने के बाद आती है। इसका अंदाजा विभाग के रिपोर्ट से ही लगा सकते हैं। जांच के लिए 74 सेंपल ली गई भी। अब तक करीब 38 खाद्य नमूनों की रिपोर्ट आई ही नहीं है।

दूसरी ओर मौके पर प्रारंभिक जांच करने वाली मोबाइल लैब यूनिट भी कई महीनों से बंद है, जो चुनौती को और भी अधिक बढ़ा रहा है। इसके चलते दुकानों से लिए गए नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजना पड़ रहा है और रिपोर्ट आने तक कई दिन व महीनों इंतजार करना पड़ता है। खास बात यह है कि विभाग का ध्यान केवल पनीर और कुछ दो चार अन्य खाद्य पदार्थों पर ही रहता है। जबकि शहर में सैकड़ों ऐसे खाद्य पदार्थ है जिनको जांच के दायरे से विभाग के अधिकारी बाहर कर देते हैं। बलौदाबाजार में मसाला का सेंपल जांच में अमानक निकला था, उसे यहां बैन करने की विज्ञप्ति तो जारी कर दी गई, लेकिन जिले में कहां और कितने दुकानों की जांच की गई और उस ब्रांड का मसाला कितने मिले विभाग को जानकारी ही नहीं है। जिले के खाद्य सुरक्षा विभाग के आंकड़े भी निगरानी व्यवस्था की स्थिति पर सवाल उठाते हैं। बीते मार्च 2026 से अब तक लिए गए 74 विधिक नमूनों में से 38 की रिपोर्ट अप्राप्त है। यानी आधे से अधिक नमूनों की जांच का नतीजा अभी सामने नहीं आया है। इनमें 32 नमूने मानक पाए गए। वहीं, एक नमूना अमानक, एक असुरक्षित और दो नमूने मिथ्या छाप श्रेणी में दर्ज किए गए हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की ओर से त्योहारों को देखते हुए मिठाई, खाद्य तेल, आटा, मैदा, सूजी और अन्य खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक, हाल ही में शहर की तीन बड़ी दुकानों से आटा, मैदा और सूजी के नमूने भी एकत्र किए गए। कुछ खराब खाद्य पदार्थों को नष्ट कराने की कार्रवाई भी की गई है। मोबाइल लैब बंद होने के कारण विभागीय अधिकारियों को नमूने लेकर उन्हें प्रयोगशाला भेजना पड़ रहा है। रिपोर्ट आने में कई दिन लगने से संदिग्ध खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की पुष्टि और उसके आधार पर आगे की कार्रवाई में समय लग सकता है। त्योहारों के दौरान यह देरी उपभोक्ताओं की चिंता बढ़ाती है, क्योंकि बाजार में मिठाइयों और अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री तेजी से बढ़ती है। ऐसे में सवाल है कि जब त्योहारों में मिलावट की आशंका के बीच तत्काल जांच और कार्रवाई की जरूरत है, तो निगरानी व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने में देरी क्यों हो रही है। त्योहारी सीजन में खोवा, पनीर, दूध से बनी मिठाइयों, घी और तेल जैसे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर विशेष नजर रखी जाती है, लेकिन जब इसकी जांच रिपोर्ट त्योहार बीत जाने के बाद मिले तो फिर ऐसी रिपोर्ट का औचित्य ही क्या रह जाता है। ऐसे में नमूनों की समयबद्ध जांच और अनियमितता पाए जाने पर प्रभावी कार्रवाई को लेकर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

फैक्ट फाइल

74: रायगढ़ में लिए गए विधिक नमूने
32: मानक पाए गए नमूने
1: अमानक नमूना
1: असुरक्षित नमूना
2: मिथ्या छाप श्रेणी के नमूने
38: रिपोर्ट अप्राप्त
3: बिना लाइसेंस या पंजीयन के प्रकरण

पूर्व में लिए गए खाद्य पदार्थों की जानकारी देने में समय लगेगा। मौखिक रूप से नहीं बता सकते कि कितनी जांच की गई और कितने नमूनों की रिपोर्ट प्राप्त हुई। अभी जांच अभियान चल रहा है, ऐसे में जानकारी अभी नहीं दी जा सकती।
सुधा चौधरी
खाद्य सुरक्षा अधिकारी

सिर्फ त्योहारों में जांच से नहीं चलेगा काम

खाद्य सुरक्षा व्यवस्था का उद्देश्य केवल त्योहारों के दौरान नमूने लेना नहीं, बल्कि पूरे साल खाद्य प्रतिष्ठानों की निगरानी करना है। मिठाई दुकानों, होटलों, रेस्टोरेंट और अन्य खाद्य कारोबारियों के यहां नियमित निरीक्षण, स्वच्छता की जांच और खाद्य पदार्थों के उचित रखरखाव पर ध्यान देने के बजाए विभाग सिर्फ त्योहार के अवसर पर ही जांच करता है और इसकी रिपोर्ट भी सही समय पर नहीं आती। ऐसे में यह कहना गलत नहीं होगा कि विभाग सिर्फ कागजों में ही जांच की प्रक्रियाओं की औपचारिकताएं निभा रहा है। वहीं दूसरी ओर आधे से ज्यादा लंबित जांच रिपोर्ट इसकी पुष्टि करते नजर आ रहे हैं।

फंड की कमी बनी मोबाइल जांच यूनिट में रोड़ा

खाद्य पदार्थों में मिलावट की प्रारंभिक पहचान के लिए मोबाइल लैब यूनिट को महत्वपूर्ण माना जाता है। ये वाहन मौके पर पहुंचकर खाद्य पदार्थों की जांच करने में मदद करते हैं। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, जिले के मोबाइल लैब यूनिट का संचालन बीते कई महिनों से बंद है। इसके पीछे केंद्र और राज्य सरकार के बीच हुए समझौता ज्ञापन के नवीनीकरण तथा संचालन के लिए मिलने वाली राशि का मामला बताया गया है। जानकारी के अनुसार एमओयू का नवीनीकरण समय पर नहीं होने के कारण भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने पेट्रोल और लैब स्टाफ के खर्च के लिए मिलने वाली राशि रोक दी थी। बाद में विभागीय स्तर पर नवीनीकरण की प्रक्रिया पूरी किए जाने की जानकारी है, लेकिन फंड जारी नहीं होने से मोबाइल लैब का संचालन शुरू नहीं हो पाया। इन वाहनों के संचालन, कर्मचारियों और रखरखाव की व्यवस्था केंद्र से मिलने वाली राशि पर निर्भरता है।

मरीन ड्राइव निर्माण के दौरान कया घाट की छठ बेदी तोड़ने का विरोध

रायगढ़। नए मरीन ड्राइव के निर्माण के दौरान कया घाट में छठ पूजा के लिए बनाई गई बेदी तोड़े जाने पर मोहल्लेवासियों ने विरोध जताया। निर्माण कार्य के बीच घाट की बेदी तोड़े जाने की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। हालांकि, उनके पहुंचने तक घाट में बनी आधी बेदी तोड़ी जा चुकी थी। इसके बाद मोहल्लेवासियों ने निर्माण एजेंसी के कर्मचारियों और ठेकेदार के सामने अपनी नाराजगी जाहिर करते हुए छठ पर्व के बाद कार्रवाई करने की मांग की। मोहल्लेवासियों का कहना है कि घाट में बनी बेदी तोड़ने से पहले उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई। आगामी 15 नवंबर को छठ पर्व मनाया जाना है। ऐसे में घाट की बेदी टूटने से पूजा की तैयारियों और आयोजन में परेशानी हो सकती है। स्थानीय लोगों ने मांग की कि छठ पर्व तक बेदी को सुरक्षित रखा जाए और इसके बाद निर्माण कार्य किया जाए। साथ ही, श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए नया घाट बनाकर देने की भी मांग उठाई। मौके पर मौजूद ठेकेदार शाहनवाज अंसारी ने बताया कि संबंधित घाट मरीन ड्राइव की बाउंड्रीवाल की जद में आ रहा है। इसे तोड़ने का निर्णय पहले ही लिया जा चुका था। उन्होंने बताया कि मरीन ड्राइव में मुक्तिधाम के पास केवल एक घाट बनाने का निर्णय लिया गया है। ठेकेदार के अनुसार, जिस घाट को तोड़ा जा रहा था, वह पहले से ही जर्जर स्थिति में था। मरीन ड्राइव का नक्शा पहले ही तय हो चुका है उसी आधार पर काम चल रहा है ।

केलो डेम लूटकांड: तीसरा आरोपी गिरफ्तार लूटा हुआ आईफोन व बाइक जब्त



रायगढ़। केलो डेम के पास युवक और उसकी महिला मित्र से मारपीट कर लूटपाट करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने फरार आरोपी रामकुमार मेहता को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से लूटा हुआ आईफोन और वारदात में इस्तेमाल की गई हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल जब्त की है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज चुकी है, जबकि एक अन्य आरोपी अब भी फरार है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक जोगीडीपा निवासी 22 वर्षीय सानू सारथी ने पूर्व में कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया था कि 11 अक्टूबर की शाम वह अपनी महिला मित्र के साथ मोटरसाइकिल से केलो डेम घूमने गया था। शाम करीब 7:30 बजे लौटते समय 3-4 युवक वहां पहुंचे और महिला मित्र के साथ घूमने को लेकर सवाल करते हुए उसके साथ मारपीट करने लगे। इसके बाद युवकों ने सानू की जेब से 1500 रुपये और आईफोन 12 मिनी मोबाइल के साथ उसकी महिला मित्र का मोबाइल भी लूट लिया। वारदात के बाद आरोपी बुलेट की चाबी फेंककर भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी शशि मोहन सिंह ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। जांच के दौरान पुलिस ने सोहेल अंसारी निवासी इंदिरा नगर, रायगढ़ और रणवीर कुमार निवासी उर्दना डीपापारा, रायगढ़ को गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायिक रिमांड पर भेजा जा चुका है। पुलिस के अनुसार, वारदात में शामिल रामकुमार मेहता गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। उसने अपना और लूटे गए मोबाइल का सिम कार्ड भी निकाल दिया था। इसी बीच पुलिस को उसके कुरमापाली, थाना कोतरारोड़ क्षेत्र में होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर वारदात में शामिल होने की बात स्वीकार की। पुलिस ने उसके कब्जे से लूटा हुआ आईफोन 12 और वारदात में इस्तेमाल की गई हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 13 एएक्स 1602 जब्त की है।

पुलिस स्मृति दिवस पर 154 अमर शहीदों को नमन, शहीदों के परिजन का किया गया सम्मान





रायगढ़। देश की सुरक्षा और नागरिकों की सेवा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों को बुधवार को पुलिस स्मृति दिवस पर श्रद्धांजलि दी गई। रक्षित केंद्र उर्दना स्थित शहीद परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में देशभर के 154 शहीद पुलिसकर्मियों के नामों का वाचन किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर वीर जवानों को नमन किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बब्बन पठारे सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। एसएसपी शशि मोहन सिंह की मौजूदगी में शहीद परेड की कार्रवाई की गई। पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 के बीच देश के विभिन्न राज्यों में कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए अलग-अलग रैंक के 154 पुलिसकर्मियों को याद किया गया। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने शहीदों के नामों का वाचन किया। परेड में छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल की छठवीं वाहिनी की एक प्लाटून तथा रायगढ़ और सारंगढ़ जिला पुलिस बल की संयुक्त प्लाटून शामिल हुई। परेड कमांडर के निर्देश पर शोक शस्त्र की कार्यवाही पूरी की गई। उपस्थित जवानों ने शीश झुकाकर शहीद पुलिसकर्मियों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन किया।

एसएसपी ने परिवारों से की चर्चा

एसएसपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि पुलिस स्मृति दिवस शहीदों के बलिदान को याद करने के साथ उनके परिवारों के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का भी अवसर है। कार्यक्रम में जिले के शहीद परिवारों को आमंत्रित कर उनसे आत्मीय चर्चा की गई। इस दौरान उनकी समस्याएं और सुझाव सुने गए तथा शीघ्र निराकरण के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया गया। पुलिस प्रशासन की ओर से शहीद परिवारों के आवागमन और स्वल्पाहार की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम के समापन पर सभी परिवारों को सम्मानपूर्वक उनके निवास स्थान तक पहुंचाया गया।

बाइक दुर्घटना में नवविवाहिता की मौत, मायके पक्ष ने पति पर लगाया मारपीट का आरोप

रायगढ़। बाइक दुर्घटना के बाद 27 वर्षीय नवविवाहिता सावित्री जायसवाल की मौत का मामला सामने आया है। घटना के बाद मृतका के मायके पक्ष ने उसके पति पर मारपीट करने का आरोप लगाया है।

परिजनों का दावा है कि सावित्री का पति अक्सर शराब के नशे में उसके साथ मारपीट करता था। वहीं, पति का कहना है कि उसकी मौत बाइक दुर्घटना में लगी चोटों के कारण हुई है। मामले में परिजनों ने उचित जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, सावित्री जायसवाल का मायका सारंगढ़ क्षेत्र के गुढ़ियारी में है। उसकी शादी वर्ष 2024 में भूपेंद्र डनसेना से हुई थी। शादी के बाद वह अपने पति के साथ सराईभद्दर में रह रही थी। मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के बाद से ही पति उसके साथ अक्सर मारपीट करता था। परिजनों ने कई बार दोनों को समझाने का प्रयास भी किया, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हुआ। सावित्री करीब एक सप्ताह पहले अपने मायके गई थी। दशहरा के दिन वह अपने पति सहित अपने परिजनों के साथ घूमने गई थी। इस दौरान दोनों के बीच विवाद होने की बात सामने आई है।

सीएम पहुंचे बिलाईगढ़ के ऐतिहासिक राजशाही दशहरा उत्सव में

दशहरा उत्सव क्षेत्र की सामाजिक एकता का प्रतीक: सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि बिलाईगढ़ का ऐतिहासिक राजशाही दशहरा उत्सव क्षेत्र की समृद्ध संस्कृति, धार्मिक आस्था और सामाजिक एकता का प्रतीक है। राजपरिवार द्वारा पीढ़ियों से इस परंपरा को सहेजकर रखा गया है और आज भी क्षेत्रवासी पूरी श्रद्धा, उत्साह तथा सामूहिक सहभागिता के साथ इस उत्सव को मनाते आ रहे हैं।सीएम ने कहा कि ऐसी परंपराएं समाज को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने के साथ आपसी प्रेम और भाईचारे को मजबूत बनाती हैं।

सीएम श्री साय ने अपने संबोधन की शुरुआत भगवान श्रीराम, माता सीता, पवनपुत्र हनुमान, मां जगदंबा, भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारों से की। सीएम श्री साय बुधवार को सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के नगर पंचायत बिलाईगढ़ के रैनीभाठा में आयोजित ऐतिहासिक राजशाही दशहरा उत्सव में शिरकत करने पहुंचे थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि विजयादशमी अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का पर्व है। इसी दिन भगवान श्रीराम ने अहंकारी और अत्याचारी रावण का वध किया था। हम प्रतिवर्ष रावण के बड़े बड़े पुतलों का दहन करते हैं, लेकिन इस पर्व की वास्तविक सार्थकता तभी हैए जब हम अपने भीतर विद्यमान काम, क्रोध, मद, लोभ और अहंकार रूपी बुराइयों को समाप्त करें।

पहली मंत्री परिषद में 18 लाख पीएम आवास का फैसला

सीएम ने राज्य सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार गठन के अगले ही दिन 14 दिसंबर 2023 को पहली मंत्रिपरिषद की बैठक में 18 लाख गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया था। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार से आवासों की स्वीकृति मिलने के बाद प्रदेश में निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है और प्रतिदिन लगभग 1600 प्रधानमंत्री आवास बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2024 के सर्वेक्षण के

बनेगा गौरव पथ, खुलेगा अपर कलेक्टर कार्यालय

सीएम ने सभा को संबोधित करते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की। उन्होंने बिलाईगढ़ में अपर कलेक्टर कार्यालय खोलने, बस स्टैंड से हायर सेकेंडरी स्कूल तक तीन करोड़ की लागत से गौरव पथ निर्माण, नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 15 में मुक्तिधाम, राजमहल जाने वाले मार्ग पर पुल तथा मां समलाई माता मंदिर के पास डोम शेड निर्माण की घोषणा की। इन घोषणाओं से क्षेत्र में प्रशासनिक सुविधाओं, सड़क अधोसंरचना, सार्वजनिक सुविधाओं और धार्मिक स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाओं के विस्तार को गति मिलेगी।

MARK OF EXCELLENCE
मार्क हॉस्पिटल में
उन्नत गैस्ट्रोएंटरोलॉजी सेवाएँ
लिवर, पेट एवं पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों की आधुनिक जाँच, एंडोस्कोपी तथा विशेषज्ञ उपचार अब एक ही छत के नीचे।
- छाती में जलन व खट्टी डकार
- उल्टी, हिचकी, खून की उल्टी
- खाना निगलने में परेशानी
- कभी भी निगली वस्तु व आहार नली की समस्या
- दूरबीन द्वारा पेट व आँत की जांच
- दस्त में खून, लंबे समय से कब्ज़
- पीलिया, हेपेटाइटिस, लिवर सिरोसिस
- पेट की टी.बी., पेट में पानी पैक्रियाज़ रोग का इलाज

प्रमुख सर्जरी
- अपेंडिक्स की सर्जरी
- पित्त की थैली की पथरी
- हर्निया का लेप्रोस्कोपिक विधि से सर्जरी
- आंतों की रुकावट का उपचार
- पेट एवं आंतों के ट्यूमर की सर्जरी
- लेप्रोस्कोपिक सर्जरी
- पेट की आपातकालीन सर्जरी
- पेट की गांठ एवं सूजन का उपचार



✓ अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
✓ आधुनिक एंडोस्कोपी सुविधा
✓ सटीक जाँच एवं प्रभावी उपचार
✓ लिवर एवं पाचन रोगों की सम्पूर्ण देखभाल

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)
24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486
Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com
AdPRAYAS

खबर संक्षेप

अटल चौक में शौचालय व साफ-सफाई व्यवस्था की बनी है दरकार

पाली। नगर पंचायत क्षेत्र में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने और स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता के बीच अटल चौक के पास दक्षिण दिशा में सार्वजनिक शौचालय निर्माण का मुद्दा महत्वपूर्ण है। सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय जैसी बुनियादी सुविधा उपलब्ध होना किसी भी नगर की आवश्यक जरूरतों में शामिल है। बाजार, चौक-चौराहों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर आने-जाने वाले लोगों को यदि उचित शौचालय की सुविधा नहीं मिलती, तो उन्हें दैनिक जरूरतों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था आम नागरिकों के दैनिक जीवन से सीधे जुड़ी हुई है। किसी काम से बाजार आने वाले लोगों, राहगीरों, दुकानदारों, वाहन चालकों और दूसरे क्षेत्रों से पाली पहुंचने वाले नागरिकों को कई बार शौचालय की आवश्यकता होती है। ऐसी स्थिति में आसपास उचित सुविधा उपलब्ध नहीं होने पर उन्हें असुविधा झेलनी पड़ सकती है।

चलते ऑटो में महिला के बैग से रकम पार

कोरबा। बैंक से समूह के खाते में जमा रकम निकालकर घर लौट रही महिला के 45 हजार रुपये चलती ऑटो में चोरी हो गई है। महिला की शिकायत पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली थाना अंतर्गत रामसागर पारा निवासी महिला घरों में खाना बनाने का काम करती है। वह टीपी नगर स्थित जना बैंक से अपने समूह के खाते से 45 हजार रुपये निकालकर थैले में रखी थी। इसके बाद ऑटो में बैठकर घर लौट रही थी। इस दौरान बीच रास्ते उसके बैग से 45 हजार रुपए पार हो गया। महिला ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की है। जिस पर पुलिस ने मामले में अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मतदाताओं के पंजीकरण के लिए 31 तक चलेगा विशेष अभियान

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली तथा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में जिले में 5 से 31 अक्टूबर तक विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान प्रारंभ किया जा रहा हैं। इस सम्बन्ध में सहायक जिला स्वीप नोडल अधिकारी सतीश प्रकाश सिंह ने बताया कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन तथा अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती माधुरी सोम ठाकुर के निर्देशन में जिले में मतदाता सूची से छूटे हुए सभी पात्र नागरिकों तथा पहली बार मतदाता बनने के लिए पात्र बने युवाओं के नाम जोड़ने के लिए विशेष मतदाता पंजीकरण अभियान 5 से प्रारंभ होकर 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा।

154 पुलिसकर्मियों को किया गया नमन, 56 परिवारों का सम्मान

पुलिस स्मृति दिवस पर अमर शहीदों को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय जशपुर स्थित रक्षित केंद्र में पुलिस स्मृति दिवस का कार्यक्रम गरिमामय एवं भावपूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की आंतरिक सुरक्षा, कानून-व्यवस्था, शांति एवं नागरिकों की रक्षा करते हुए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले पुलिसकर्मियों को नमन करना तथा उनके परिजनों के प्रति सम्मान, संवेदना और सहयोग की भावना व्यक्त करना था।

- टुकड़ी ने सलामी देकर साहस, वीरता और बलिदान को किया स्मरण





सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान

शहीद स्मारक पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिसकर्मियों एवं शहीद परिवारों ने पुष्प अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान वातावरण भावुक एवं श्रद्धापूर्ण रहा। शहीदों के अदम्य साहस, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण को याद करते हुए उनके सर्वोच्च बलिदान के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

जिले के 56 शहीद परिवारों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम में जशपुर जिले के कुल 56 शहीद परिवारों को आमंत्रित किया गया। जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित उपस्थित अधिकारियों ने शहीदों के परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना तथा उन्हें सम्मान प्रदान किया। शहीद परिवारों से संवाद के दौरान अधिकारियों ने कहा कि पुलिस विभाग शहीदों के परिजनों के प्रति अपनी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता को सदैव सर्वोपरि रखता है। जिन वीर पुलिसकर्मियों ने देश और समाज की सुरक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया, उनके परिवारों का सम्मान एवं सहयोग करना हम सभी का दायित्व है।

समस्याओं के समाधान के लिए सकारात्मक प्रयास

अधिकारियों ने परिजनों को आश्वस्त किया कि वे स्वयं को कभी अकेला न समझें। किसी भी प्रकार की पारिवारिक, व्यक्तिगत अथवा आर्थिक समस्या होने पर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराएं, ताकि समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक एवं सकारात्मक प्रयास किए जा सकें। इस संवाद का उद्देश्य शहीद परिवारों को यह विश्वास दिलाना था कि उनके बलिदानी परिजनों की स्मृति पुलिस विभाग के लिए सदैव सम्माननीय है व विभाग परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है।

शहीदों को दी गई सलामी, 154 वीर पुलिसकर्मियों को किया नमन

पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर आयोजित परेड में प्रशिक्षु सूबेदार रविशंकर साहू ने मुख्य कमांडर की भूमिका निभाई। परेड में एक प्लाटून का नेतृत्व छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के पीसी दीपक यादव तथा दूसरे प्लाटून का नेतृत्व पीएसआई संदीप चौरसिया ने किया। पुलिस की टुकड़ी द्वारा देश की सुरक्षा एवं सेवा में अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीद पुलिसकर्मियों को सलामी दी गई। इसके पश्चात दिनांक 1 सितंबर 2025 से 31 अगस्त 2026 तक देशभर में कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए कुल 154 पुलिसकर्मियों के नामों का स्मरण किया गया।

क्यों मनाया जाता है पुलिस स्मृति दिवस

प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को पूरे देश में पुलिस स्मृति दिवस मनाया जाता है। इस दिवस का संबंध 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में हुई उस घटना से है, जिसमें चीनी सैनिकों के घात लगाकर किए गए हमले का सामना करते हुए 10 वीर भारतीय पुलिसकर्मियों ने अपने प्राणों की आहुति दी थी। उन वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान की स्मृति में 21 अक्टूबर को पुलिस स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस देशभर में कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद होने वाले सभी पुलिसकर्मियों के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है।



तेज रफ्तार बस की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत

जशपुरनगर। नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रनपुर में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार 36 वर्षीय ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। अम्बिकापुर से कुनकुरी की ओर जा रही तेज रफ्तार शमीम बस ने बीच बस्ती में बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर चक्काजाम कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान ग्राम ढोण्डराही निवासी सुखसागर पिता रामनाथ के रूप में हुई है। वह ड्राइवर का काम करता था। बुधवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे सुखसागर मोटरसाइकिल से किसी काम के सिलसिले में रनपुर आ रहा था। इसी दौरान अम्बिकापुर से कुनकुरी की ओर जा रही बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना गंभीर था कि सुखसागर ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

- आक्रोशित ग्रामीणों ने किया चक्काजाम, मौके पर पहुंचे अधिकारी

आक्रोशित ग्रामीणों की भीड़ ने किया चक्काजाम

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। ग्रामीणों ने हादसे के विरोध में चक्काजाम कर दिया। सूचना मिलने पर नारायणपुर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने में जुट गई। पुलिस की मौजूदगी में आगे की कार्रवाई की जा रही थी। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने चक्का जाम कर दिया एवं 15 लाख रुपए के मुआवजे की मांग पर अड़े रहे। घंटों तक चले चक्काजाम के बाद अनुविभागीय अधिकारी बगीचा को मौके पर आकर ग्रामीणों को समझाइश देनी पड़ी। प्रशासन की बड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीण चक्काजाम समाप्त करने को तैयार हुए और शाम लगभग 4 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिया ले जाया गया।

एग्रीस्टैक में किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन और धान खरीदी की तैयारियां समय पर पूरी करने के निर्देश



रायगढ़। समीक्षा बैठक में कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण, धान खरीदी, निर्माण कार्यों, राजस्व प्रकरणों और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने कहा । कलेक्टर ने खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत धान खरीदी की तैयारियों की समीक्षा करते हुए किसानों एवं उनके खसरों का एग्रीस्टैक में शत-प्रतिशत पंजीयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने डीसीएस फेस-1, फेस-2 तथा बकेट क्लेम की प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों में तेजी लाए। उन्होंने डीसीएस संबंधी कार्यों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले एसडीएम एवं तहसीलदारों के प्रयासों की सराहना भी की। उन्होंने धान खरीदी शुरू होने से पहले सभी उपार्जन समितियों में सुरक्षा व्यवस्था और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही किसानों के खेतों के लैटीटयूड लांगीटयूड संबंधी विवरण की प्रविष्टि निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने को कहा। शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे और रेत उत्खनन पर होगी कार्रवाई कलेक्टर ने शासकीय भूमि, सीमांकन और अवैध कब्जों से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए। अवैध रेत उत्खनन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध भी प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।

भक्ति, उल्लास व नम आंखों से मां जगत जननी को दी गई अंतिम विदाई

रायगढ़। नौ दिनों तक चले शक्ति की उपासना के महापर्व शारदीय नवरात्रि के समापन पर मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन पूरे भक्तिभाव, पारंपरिक उत्साह और नम आंखों के साथ संपन्न हुआ। शहर के विभिन्न पूजा पंडालों से गाजे-बाजे और ढोल-नगाड़ों की थाप के साथ विशाल विसर्जन शोभायात्राएं निकाली गईं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े।

शहर के कई प्रसिद्ध पंडालों में आधुनिक लाइटिंग्स के साथ पौराणिक कथाओं और भव्य मंदिरों की तर्ज पर सजावट की गई थी, जिन्हें देखने के लिए दूर-दराज के ग्रामीण इलाकों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। पारंपरिक जसगीत और उमंगः विसर्जन मार्ग पर सजे पंडालों और ढोल-ताशों की गूंज के बीच छत्तीसगढ़ी संस्कृति की झलक साफ देखने को मिली। महिलाओं और युवाओं ने पारंपरिक जसगीत व नृत्य के साथ माता को विदाई दी। शांतिपूर्ण और व्यवस्थित आयोजन के लिए स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक संगठनों और युवा समितियों ने भी योगदान दिया, जिससे पूरा उत्सव



शहर में भाईचारे और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। बुधवार को पूजा समितियों द्वारा विधि-विधान से मां भगवती का हवन-पूजन और महाआरती की गई। इसके उपरांत महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर मां को सिंदूर अर्पित किया और जय माता दी के जयघोष के साथ माता रानी को विदा किया। शहर के स्टेशन रोड, गद्दी चौक, सुभाष चौक और चांदनी चौक जैसे प्रमुख मार्गों से निकलकर विसर्जन झांकियों ने पूरे शहर का माहौल भक्तिमय बना दिया। सेवा जसगीत और धुमाल पार्टी की धुनों पर युवा और श्रद्धालु झूमते नजर आए। प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु एनजीटी व शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप केलो नदी के तटों एवं निर्धारित विसर्जन कुंडों में विशेष इंतजाम किए गए थे।

शाही रथ पर सवार होकर निकले भगवान बालाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

क्षेत्र में मंगलवार 20 अक्टूबर को विजयादशमी का पर्व धूमधाम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया। भगवान बालाजी की भव्य रथयात्रा और रावण दहन के साथ जशपुर के राजसी दशहरा महोत्सव का रंगारंग समापन हुआ। इस अवसर पर रणजीता स्टेडियम में हजारों की संख्या में श्रद्धालु जुटे और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक रावण दहन के साक्षी बने। विजयादशमी के अवसर पर भगवान बालाजी को सोलह श्रृंगार कर चांदी के सिंहासन पर विराजमान किया गया। इसके बाद राज परिवार के सदस्यों ने पूजा-अर्चना कर भगवान को लकड़ी के रथ पर विराजित किया। शाम करीब चार बजे बालाजी मंदिर से शाही रथयात्रा प्रारंभ हुई। शाही परिधान में सजे सैनिकअस्त्र-शस्त्र, तुरही, चंवर और छत्र के साथ भगवान की सेवा में उपस्थित रहे।



श्री बालाजी के रथ को खींचने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

रथयात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। करीब एक किलोमीटर लंबे मार्ग पर भगवान बालाजी का रथ खींचने के लिए लोगों में होड़ लगी रही। श्रद्धालु रस्सी पकड़कर रथ खींचने को सौभाग्य मानते नजर आए। रास्ते में जगह-जगह भगवान बालाजी की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद भगवान बालाजी की रथयात्रा रणजीता स्टेडियम पहुंची, जहां बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने दर्शन किए और नीलकंठ के दर्शन कर परंपरा का निर्वहन किया।

राशिफल

मेष मन अशान्त रहेगा। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों के साथ वाद-विवाद से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें।

वृष मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि होगी।

मिथुन मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। परिवार का साथ मिलेगा, परन्तु परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। नौकरी में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।

कर्क मन अशान्त रहेगा। मन में निराशा एवं असन्तोष भी हो सकता है। कारोबार में सुधार होगा, परन्तु कुछ कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित रहें। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है।

कन्या नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। आवेश के अतिरेक से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। सहयोग मिलेगा।

तुला आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु मन अशान्त हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है।

वृश्चिक मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। व्यर्थ के क्रोध से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

धनु व्यर्थ के क्रोध से बचें। परिवार का साथ मिलेगा। विदेशी कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

मकर आत्म संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। खर्च बढ़ेंगे।

कुंभ आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन में उतार-चढ़ाव भी रहेगा। परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। पिता का साथ मिल सकता है।

मीन अपनी भावनाओं को वश में रखें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे, परन्तु स्थान परिवर्तन भी हो सकता

रंगमंच में अभिनय और पटकथा लेखन में योगदान के लिए राष्ट्रीय सम्मान

जशपुरनगर। छत्तीसगढ़ की कला और सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। जशपुर के डॉ आनंद पांडेय को प्रतिष्ठित संगीत नाटक अकादमी उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। 19 अक्टूबर को नई दिल्ली के रवींद्र भवन स्थित मेघदूत थिएटर परिसर में आयोजित समारोह में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने डॉ आनंद पांडेय को सम्मानित किया। डॉ आनंद पांडेय को रंगमंच और अभिनय के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मान मिला है। उन्होंने जशपुर के दूरस्थ आदिवासी अंचल में रंगमंच की परंपरा को आगे बढ़ाने और अभिनय के माध्यम से अपनी अलग पहचान बनाने का काम किया है। वहीं, सारंगढ़ के घनश्याम साहू को नाटक लेखन और छत्तीसगढ़ी फिल्मों की पटकथा लेखन में विशिष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



सांस्कृतिक विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण

संगीत नाटक अकादमी उस्ताद बिस्मिल्लाह खां युवा पुरस्कार प्रदर्शनकारी कलाओं के क्षेत्र में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने वाला प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सम्मान है।

मंत्री अग्रवाल ने दी शुभकामनाएं

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने डॉ आनंद पांडेय को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ कला, संस्कृति और रचनात्मक प्रतिभाओं की अनमोल धरोहर से समृद्ध है। प्रदेश के दूरस्थ वनांचलों और छोटे शहरों से निकलकर कलाकारों का राष्ट्रीय मंच पर सम्मानित होना पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। मंत्री ने कहा कि डॉ आनंद पांडेय की उपलब्धियां नई पीढ़ी, रंगकर्मियों, लेखकों और फिल्म जगत से जुड़े लोगों को प्रेरित करेंगी। यह सम्मान प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने के साथ कला और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए भी प्रोत्साहन देगा।


जशपुर के रंगमंच को मिली राष्ट्रीय पहचान

डॉ आनंद पांडेय की उपलब्धि जशपुर सहित पूरे सरगुजा संभाग के रंगकर्मियों के लिए प्रेरणादायक है। सीमित संसाधनों वाले दूरस्थ क्षेत्र में रहकर रंगमंच को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान हासिल करने की उनकी यात्रा स्थानीय प्रतिभाओं के लिए मिसाल है। इस सम्मान से

28 को बिलासपुर में समान नागरिक संहिता पर संभाग स्तरीय परामर्श बैठक

रायगढ़। छत्तीसगढ़ में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने और इसका प्रारूप तैयार करने के संबंध में 28 अक्टूबर को देवकी नंदन दीक्षित सभागृह लाल बहादुर शास्त्री स्कूल बिलासपुर में संभाग स्तरीय समूह चर्चा एवं परामर्श बैठक आयोजित की गई है। राज्य शासन द्वारा गठित समान नागरिक संहिता उच्च स्तरीय समिति के सदस्यों की उपस्थिति में आयोजित इस बैठक में विभिन्न संगठनों और समाज के प्रतिनिधियों से विचार एवं सुझाव लिए जाएंगे।बैठक में बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, जांजगीर-चांपा, कोरबा, रायगढ़, सक्ती और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिलों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनमें राजनीतिक दलों, सामाजिक संगठनों और धार्मिक संगठनों के प्रमुखों के साथ शिक्षाविदों, प्रतिष्ठित नागरिकों, विशिष्ट नागरिकों, गणमान्य नागरिकों तथा निगम, मंडल एवं आयोगों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। समिति में सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी शत्रुघ्न सिंह एवं एम.के. राउत, वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन पवार तथा सेवानिवृत्त प्राचार्य श्रीमती ज्योति रानी सिंह सदस्य हैं।

शब्द पहेली - 6385



बाएँ से दाए-
1. पक्षियों का शोर-4
3. मुठभेड़, भिड़ंत-4
5. क्रोधित होना-5
8. लाश, पार्थिव देह-2
10. नवीन-2
11. सरिता-2
12. संजय दत्त, मंदाकिनी अभिनीत फिल्म-2
13. दोजख, नर्क-3
15. नमकीन लवण-3
17. बेकार-3
18. आंचल-3
20. फायदा, लाभ-2
21. चिट्ठी, पत्र-2
22. जी, चित-2
24. संपूर्ण-2
26. कुचलना, दबाना-3
28. दाड़म, एक फल-3
30. सांभर जैसा खाद्य पदार्थ-3
32. खिचड़ी, पुलाव-3
34. मां, आई-2
35. भाग्य (अंग्रेजी-2)
36. सौतन-2
38. लौन-2
39. चमकीला-5
40. नसीब, किस्मत-4
41. चुनौती-4

ऊपर से नीचे
1. दलाली-4
2. स्वदेश, जन्मभूमि-3
3. दाँडी पीटना-3
4. बेमिसाल-4
6. इसमें तलवार रखते हैं-3
7. मापदंड, आदर्श-3
9. इच्छित वस्तु-4
12. जीरक, कणिका-2
14. थोड़ा, जरा-2
16. आनंद-2
17. क्रोधित, रुष्ट-2
19. अदा-3
20. पति की बहन-3
23. मन को हरने वाला-4
24. निष्कर्ष-2
25. उम्मीद-2
27. वोट, अभिमत-2
28. धरोहर, थाती-4
29. रिश्ता-2
30. नकद राशि, रोकड़-3
31. संधिपत्र, मसविदा-3
33. रीति अनुसार-4
35. अदृढ, तर्कहीन-3
37. द्रव पदार्थ-3

शब्द पहेली -6384 का हल

■	स	ला	म	न	■	म	हा	व	र	■
का	म	■	ही	र	■	म	सि	■	थ	ल
की	■	शा	न	■	वं	ल	ब	■	■	ख्य
■	■	य	■	म	हा	न	■	र	■	■
■	फ	र	मा	न	■	र	स	खा	न	■
का	की	■	ल	■	■	■	न	■	र	ति
■	र	नि	वा	स	■	ह	म	द	म	■
■	■	य	■	र	ज	क	■	स्त	■	■
जा	■	म	जा	■	हो	■	श	क	■	का
न	शा	■	य	म	■	पा	प	■	सा	या
■	म	हा	का	ल	■	ल	ब	प	थ	■

सूडोकु नवताल- 6395

सरल

7	8				2	6		3
			4					
1	3	5		8				
	2			1			7	8
6	7			9			2	
				6		5	9	2
					3			
2		8	5				6	1

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल- 6394 का हल

4	3	2	9	5	6	1	7	8
6	8	5	7	1	4	9	2	3
9	1	7	3	8	2	4	5	6
3	4	8	6	2	7	5	1	9
5	6	1	8	4	9	2	3	7
2	7	9	5	3	1	6	8	4
1	9	3	4	7	5	8	6	2
8	2	4	1	6	3	7	9	5
7	5	6	2	9	8	3	4	1

MANGAL_SENACHA_BANGALORE



जॉली एलएलबी 4 में अरशद निभाएंगे लीड किरदार

नई दिल्ली। जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। इसके पहले पार्ट में अरशद वारसी ने अपनी परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया था, वहीं दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार ने शानदार परफॉर्मेंस दी थी। सबसे खास था तीसरा पार्ट, क्योंकि इसमें दोनों एक्टर्स एक साथ थे। वहीं,अब इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म भी आ रही है। लेकिन हो सकता है कि अक्षय कुमार जॉली एलएलबी 4 का हिस्सा ना बनें। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरशद वारसी इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म में 'जॉली' के किरदार में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक 'प्रीक्वल' होगी।

लाइफ Style

साई

प्री-रिलीज इवेंट में गाया सुरीला भजन

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। 'रामायण' को बड़े लेवल पर बनाया गया है और अब एक्टर्स इसके प्रमोशन में जुटे हुए हैं।

अब हाल ही में हुए एक इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। सोमवार को हैदराबाद में फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में साई पल्लवी गुलाबी साड़ी पहनकर इवेंट में पहुंची थीं। कार्यक्रम के दौरान होस्ट सुमा ने उनसे गाना गाने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ रणबीर कपूर और यश भी नजर आए। शुरुआत में साई थोड़ी झिझकती नजर आईं, लेकिन फिर उन्होंने पूछा कि क्या वह कोई भजन गा सकती हैं। इसके बाद एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए भजन गाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी पूरे सहज अंदाज में भजन गाती नजर आईं। उनके इस खास पल के वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल होने लगे। फैंस ने भी उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ की। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायणः राइज ऑफ ए लेजेंड' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण माल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर किया है।



हॉलीवुड मसाला

जुमांजी-5 का आया नया पोस्टर



नई दिल्ली। हॉलीवुड सिनेमा जगत के लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें ड्वेन जॉनसन स्टारर जुमांजी का नाम जरूर शामिल होगा। लंबे समय से जुमांजी पार्ट-5 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब जुमांजी 5 का एक और नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसे ड्वेन जॉनसन से सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के मुख्य किरदार गेम की दुनिया और असली दुनिया के बीच फंसे हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा- दो दुनिया टकरा रही हैं। एक आखिरी गेम।



सहारा रे खुद का स्विमवियर लेबल किया था लॉन्च

लॉस एंजिल्स। मशहूर सिंगर जस्टिन बीबर की एक्स गर्लफ्रेंड सहारा रे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। कुछ महीनों पहले ही वह बेटी की मां बनी थीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी आखिरी पोस्ट अपने मातृत्व पर ही की थी। रे ने मॉडलिंग और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी के तौर पर अपना कॅरियर बनाया और अपना खुद का स्विमवियर लेबल, सहारा रे स्विम लॉन्च किया। 2016 में हवाई यात्रा के दौरान जस्टिन बीबर के साथ उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद वे सुर्खियों में आईं। उनका नाम ऑस्ट्रेलियाई गायक कोडी सिम्पसन से भी जोड़ा गया था। सहारा के पिता ऑस्ट्रेलियाई सर्फिंग के दिग्गज टोनी रे थे । उन्होंने अपना अधिकांश बचपन ऑस्ट्रेलिया, कैलिफोर्निया के बीच यात्रा करते हुए बिताया।



करण ने किया 'आफ्टर डार्क' का ऐलान

नई दिल्ली। 19 अक्टूबर को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' फ्रेंचाइजी के 14 साल पूरे होने के मौके पर, करण जौहर ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। फिल्म मेकर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' नाम की एक नई वेब सीरीज की घोषणा की है, जिसमें शनाया कपूर नजर आएंगी। यह सीरीज मूल फिल्मों के कैंपस ग्लैमर को छोड़कर, रहस्य, हिंसा और डर से भरी एक डार्क दुनिया की कहानी पेश करेगी। यह वेब सीरीज 13 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। पहले लुक में शनाया कपूर खून से सनी हालत में नजर आ रही हैं, जो इस बात का इशारा है कि यह कहानी उस फ्रेंचाइजी से बिल्कुल अलग होगी जिसे दर्शक अब तक जानते आए हैं। सोशल मीडिया पर इस घोषणा को शेयर करते हुए, करण ने फ्रेंचाइजी के सफर को याद किया और इसके नए रूप की झलक दी।



नेपाल में रिलीज नहीं होगी उड़ता तीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खुराना और एक्ट्रेस सारा अली खान का नाम इन दिनों आने वाली फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में बना हुआ है। स्पाई कॉमेडी जॉनर की इस मूवी की रिलीज में अधिक समय नहीं बचा है और इससे पहले नेपाल ने उड़ता तीर की रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया है। हिंदी फिल्म उड़ता तीर की स्क्रीनिंग केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने नेपाल में की गई और इस दौरान ये पाया गया है कि फिल्म में राष्ट्रीय सिनेमा अधिनियम की धारा 8(3) का उल्लघंन किया पाया गया है। इसकी वजह से इस फिल्म की रिलीज को मंजूरी नहीं दी जाएगी। इस मूवी का कंटेंट राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या मित्र देशों के साथ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की उड़ता तीर को 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

टीवी पर 'अप्सरा' बनकर कमबैक कर रहीं अविका

नई दिल्ली। अविका गोर, स्टार प्लस के आने वाले सुपरनैचुरल शो 'अप्सरा' में 'अप्सराओं की रानी' के रूप में टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो के शानदार प्रीमियर एपिसोड में वह अपनी दमदार मौजूदगी, ग्रेस और गहरी भावनाओं के साथ नजर आएंगी। समुद्र मंथन से प्रेरित, मुक्ता ढोंड के इस प्रोडक्शन में समीक्षा जायसवाल 'सुनहरी' का किरदार निभा रही हैं। कहानी में सुनहरी बुरी ताकतों से लड़कर अमृत की रक्षा करती है और साथ ही अपने लोगों को भी सुरक्षित रखती है। इस शो में पारस कलनावत, अनुष्का मर्चंडे और अदा खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। शो से जुड़ने के बारे में बात करते हुए, अविंका कहती हैं, 'मेरे लिए किरदार और कहानी मायने रखती है, मीडियम कोई भी हो। जब मुझे यह किरदार मिला, तो इसमें मौजूद कई लेयर्स देखकर मैं प्रभावित हो गई। यह पावरफुल और प्रभावशाली है लेकिन साथ ही उसमें कुछ कमजोरियां भी हैं। इस किरदार को निभाने से मुझे रोमांस और एक्शन से लेकर भावनात्मक पलों और डांस तक, सब कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिला। इस फैंटेसी दुनिया को जीवंत बनाने के लिए भव्य कॉस्ट्यूम, गहने और खास स्टाइलिंग की जरूरत थी। अविका इस ट्रांसफॉर्मेशन को अपने आप में एक अनोखा अनुभव बताती हैं, जहां हर छोटी डिटेल ने उन्हें अपने किरदार में ढलने में मदद की। वह इस शानदार और अलग दुनिया को रचने का क्रेडिट प्रोड्यूसर मुक्ता ढोंड और विक्रम घई को देती हैं। साथ ही, वह बताती हैं कि मनीष और अदा खान के साथ काम करने से यह अनुभव और भी मजेदार हो गया।



बिग बॉस से खत्म हुआ अमन का सफर

नई दिल्ली। टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के हालिया वीकेंड का वार में काफी ड्रामा देखने को मिला। एक तरफ सलमान खान ने कई कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाई, तो वहीं अमन गांधी का शो से सफर खत्म हो गया। अमन गांधी के एविक्शन पर आरिश्फा खूब रोते हुए नजर आईं। इनके अलावा होस्ट सलमान खान ने यह अपडेट भी दिया कि अगला वीकेंड का वार में वह नजर नहीं आएंगे। शो को कौन होस्ट करेगा इसकी जानकारी भी भाईजान ने सभी को दी। 'बिग बॉस 20' से बीते दिन अमन गांधी का सफर खत्म हो गया है। सलमान खान ने बताया था कि इस हफ्ते जो तीन कंटेस्टेंट्स बॉटम जोन में हैं, उनमें अमन गांधी, उदिति सिंह और मेरी कॉम शामिल हैं। उदिति के पास दो लाइफलाइन थीं, जबकि अमन और मेरी के पास एक-एक ही लाइफ लाइन बची थी। ऐसे में अमन गांधी कम वोट मिलने की वजह से बाहर हो गए।



रामायण के बाद आएंगी जटायू, अंगद हनुमान और इंद्रजीत पर फिल्में

नई दिल्ली। रामायण मूवी से जुड़े एक इवेंट में मेकर्स ने अपना विजन रिवील करते हुए सबके होश उड़ा दिए हैं। रामायण पार्ट-1 और पार्ट-2 के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में सनी देओल सरप्राइज फैक्टर बने हुए हैं। फिल्म से रणबीर कपूर (राम), साई पल्लवी (सीता), यश (रावण) और अन्य किरदारों के लुक भी रिलीज किए जा चुके हैं, लेकिन सनी देओल का लुक सीक्रेट रखा गया है। फिल्म में सनी देओल हनुमान जी का रोल प्ले करते नजर आएंगे और अब खबर है कि सनी देओल को लेकर नमित मल्होत्रा एक अलग फिल्म भी प्लान कर रहे हैं। नमित मल्होत्रा का विजन काफी बड़ा है, वह सिर्फ 'रामायण' तक नहीं रुकने वाले हैं। इसके बाद वह उन किरदारों को लेकर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं, जिनकी कहानी अभी तक लोगों के लिए अनसुनी रही है।



इन किरदारों पर आएंगी अलग फिल्में? : रामायण पार्ट-2 के बाद मेकर्स अंगद, हनुमान, जटायू, इंद्रजीत और शूर्पनखा पर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं। हर किरदार की कहानी लोगों ने 'रामायण' मूवी में तो सुनी है, लेकिन उनकी अपनी कहानी क्या है? नई पीढ़ी इससे काफी हद तक अछूती रह जा रही है। इसके अलावा क्योंकि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को ग्लोबल लेवल पर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह भारत के टूरिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और अन्य पहलुओं पर भी काफी बड़ा गेम साबित हो सकती है। एक यूजर ने इवेंट की झलकियां लीक करते हुए लिखा- भाई साहब, नमित बहुत बड़ा गेम खेलने की सोच रहा है।

यहीं नहीं रुकने वाली है रामायण की कहानी

हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट में 'रामायण' मूवी से सनी देओल का हनुमान जी वाला लुक रिवील किया गया। इसके अलावा मेकर्स ने इसी इवेंट में एक और शॉकिंग ऐलान करते हुए बताया कि 'रामायण : पार्ट-2' के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। मेकर्स ने कई स्पिन ऑफ मूवी प्लान की हैं। तकरीबन 4 हजार करोड़ रुपये की लागत में बन रही फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने रामायण-2 के बाद उनकी अपकमिंग अन्य फिल्मों के पोस्टर्स रिलीज किए और बताया कि असल में यह हमारे सफर की बस शुरुआत भर है।

अक्का का टीजर जारी, आमने सामने होंगी कीर्ति और राधिका

मुंबई। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे जल्द ही आने वाली सीरीज 'अक्का' में एक साथ नजर आएंगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। अब नेटफ्लिक्स ने कीर्ति के जन्मदिन के मौके पर सीरीज का टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेकर्स ने सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। टीजर में कीर्ति सुरेश 'भवानी' और राधिका आप्टे 'रुद्रा' के किरदार में नजर आ रही हैं। टीजर में ऐसी जगह की कहानी दिखाई गई है, जहां 800 साल से औरतों का राज चलता है। इसके बाद कीर्ति की एंट्री होती है, जो कहती हैं कि हमारे यहां औरतें सिर्फ घर नहीं, कारोबार भी चलाती हैं। वहीं, जो भी उनके खिलाफ जाता है उसे सख्त सजा भी मिलती है। लास्ट में राधिका का एक छोटा सा सीन दिखाई देता है, जो कहता है कि बहनों का राज खत्म करने का समय आ गया है। ऐसे में यह साफ है कि सीरीज में राधिका और कीर्ति आमने-सामने नजर आएंगी। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इस सीरीज की कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं।कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के अलावा इस सीरीज में तन्वी आजमी भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा, योगेंद्र मोगरे और अक्षय विधानी इसके कार्यकारी निर्माता हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। एक बयान के अनुसार, कीर्ति ने कहा, 'हर साल दर्शकों से मिलने वाला प्यार इस दिन को मेरे लिए बेहद खास बनाता है। 'अक्का' के टीजर को रिलीज करके अपना जन्मदिन मनाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है।



एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग तक

सिनेमा में छाई अरबपतियों पर बनीं ये बिलिनेयर बायोपिक फिल्में

नई दिल्ली। दुनियाभर के बड़े-बड़े अरबपतियों की निजी जिंदगी की कहानी किसी फिल्म स्टोरी से कम नहीं होती है। संघर्ष से लेकर सफलता के मुकाम तक पहुंचने का सफर सिनेमा के आईने से काफी खूबसूरत नजर आता है। आज इस लेख में हम आपको एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग जैसे विश्व के उन बिलिनेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके जीवन पर बायोपिक फिल्में बन चुकी हैं या फिर भविष्य में रिलीज होने वाली हैं।

द सोशल रेकनिंग

सोशल मीडिया कंपनी मेटा के सह-संस्थापक, चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर मार्क जुगरबर्ग को जाना जाता है। इनका नाम दुनिया के 10 सबसे अमीर टेक बिजनेसमैन में से एक है। इतना ही नहीं फेसबुक के संस्थापक के तौर पर भी जुगरबर्ग की पहचान है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द सोशल रेकनिंग में जुगरबर्ग की कहानी को दर्शाया गया है, जिसका डायरेक्शन आरोन सोर्किन ने किया है। इस मूवी में हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने मार्क जुगरबर्ग की भूमिका निभाई है।

द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड

फ्रेंच-बेल्जियन कॉमेडी-ड्रामा फिल्म द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड में फ्रांस की मशहूर कॉस्मेटिक्स कंपनी L'Oral (लोरियल) की उत्तराधिकारी लिलियन बेटेनकोर्ट की कहानी को दर्शाया गया है। साथ ही कानूनी विवाद के जीवन संघर्ष को भी इसमें शामिल किया गया है। ये फिल्म साल 2025 में रिलीज हुई थी और ये अमेजन प्राइम वीडियो पर भी मौजूद है।



आर्टिफिशियल

दुनिया के मशहूर बिजनेसमैन और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के जीवन पर आधारित फिल्म आर्टिफिशियल का नाम लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मूवी में स्पाइडर-मैन फेम हॉलीवुड सुपरस्टार एंड्रयू गारफील्ड सैम का किरदार निभा रहे हैं और ये फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

स्वाइप्ड

साल 2025 में रिलीज होने वाली बायोग्राफिकल ड्रामा हॉलीवुड फिल्म स्वाइप्ड का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। जिसमें ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर की सह-संस्थापक और बाद में बंबल की स्थापना करने वाली व्हिटनी वोल्फ हर्ड की कहानी को दिखाया गया है। मूवी में हॉलीवुड अभिनेत्री लिली जेम्स ने वोल्फ का किरदार निभाया है।

मस्क : डॉक्यूमेंट्री

इस सूची में अगला नाम दुनियाभर के सबसे अमीर बिजनेसमैन और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क का आता है। टेस्ला और स्पेश एक्स जैसे कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के लिए मशहूर मस्क के जीवन पर बनने वाली डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रीमियर बीते महीने 8 सितंबर को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसके बाद इसे 9 अक्टूबर को अमेरिकी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया।

खबर संक्षेप

पोड़ी में शरद संगीत समारोह 25 को

नवागढ़। जनपद पंचायत नवागढ़ के अंतर्गत सत्य निज नाम बोध संस्थान पोड़ी आध्यात्मिक केंद्र में गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद और संस्कार भारती जिला सक्ती के संयुक्त तत्वाधान में शरद संगीत समारोह का आयोजन 25 अक्टूबर रविवार को दोपहर 2 बजे से रखा गया है। दोपहर में स्थानीय कलाकारों की प्रस्तुति होगी। इसके बाद रात्रि 8 बजे से आगंतुक कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति दी जाएगी। इस संबंध में संस्कार भारती जिला सक्ती के महामंत्री मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि शरद पूर्णिमा के अवसर पर 25 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे से गुरु घासीदास संगीत महाविद्यालय हसौद का वार्षिकोत्सव शरद संगीत समारोह 2026 का आयोजन रखा गया है। राजकुमारी इंदिरा सिंह कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के शास्त्रीय गायन शुभम ठाकुर, शुगम गायन प्रिया श्रीवास, कथक नृत्य श्रीता देवांगन, तबला रामचंद्र सर्पे , वाद्य बृंद वायलिन मनीषा श्रीवास, उदित सरकार ,सरोद गरिमा , सितार इक्षेश सेठिया, बांसुरी देवेंद्र शर्मा, नाटक घनश्याम साहू पंडवानी हर्ष चंद्राकर आदि कलाकारों की प्रस्तुति होगी।

धान खरीदी से पहले किसान करा लें रकबे का सत्यापन

सक्ती। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी के दौरान किसी भी तरह की परेशानी से बचने के लिए किसानों को अपनी पंजीकृत किसान सूची और धान के रकबे का सत्यापन कराना जरूरी है। इसके लिए 31 अक्टूबर तक की समय-सीमा निर्धारित की गई है। नोडल अधिकारी ने बताया कि किसान अपनी संबंधित सहकारी समिति में जाकर पंजीकृत किसान सूची का अवलोकन करें और उसमें दर्ज भूमि विवरण एवं धान के रकबे का मिलान करें। यदि सूची में नाम, भूमि संबंधी जानकारी या धान के रकबे में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा अंतर मिलता है, तो संबंधित सहकारी समिति से संपर्क कर 31 अक्टूबर से पहले आवश्यक सुधार करा लें। उन्होंने कहा कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर सत्यापन और त्रुटियों का सुधार कराने से धान खरीदी के दौरान होने वाली परेशानियों से बचा जा सकता है। किसानों से अपील की गई है कि वे जल्द से जल्द अपनी सहकारी समिति में पहुंचकर पंजीकृत रिकॉर्ड की जांच कराएं।

पुलिस ने घेराबंदी कर गांजे के साथ युवक को किया गिरफ्तार

बिर्रा। जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत बिर्रा पुलिस ने एक युवक को 1.24 किलोग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बरामद गांजे की कीमत करीब 50 हजार रुपये आंकी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव के नेतृत्व में बिर्रा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बिर्रा स्थित उत्तम ढाबा के पास एक संदिग्ध युवक मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई कर युवक को पकड़ा। पकड़े गए युवक की पहचान शुभम केंवट (20 वर्ष), पिता गणेश केंवट, निवासी ग्राम डोमाडीह, थाना हसौद के रूप में हुई। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 1.24 किलोग्राम गांजा पाया गया।

युवा रत्न सम्मान के लिए 30 तक करें आवेदन

सक्ती। व्यक्तिगत क्षमता में सुधार तथा समाज सेवा के क्षेत्र में किये गये उत्कृट कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से युवा रत्न सम्मान योजना लागू करने का निर्णय लिया गया है। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि छत्तीसगढ शासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा युवा कल्याण के विभिन्न क्षेत्र में किये गए अविस्मरणीय कार्य, सेवाओं तथा अभिनव प्रयास के लिए सम्मानित करने और उनमे एक राष्ट्रीय कीर्तिमान विकसित करने की दृष्टि से युवा रत्न सम्मान की स्थापना किया गया है। आवेदन आमंत्रित करने की तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित किया गया है।

सीबीएसई बॉयज़ हॉकी नेशनल्स में जिंदल स्कूल का शानदार प्रदर्शन

अंडर 14 में जिंदल स्कूल बना राष्ट्रीय चैंपियन फाइनल में 4-1 से जीत के लिए क्वालीफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



सीबीएसई बॉयज़ हॉकी नेशनल्स 2026-27 में ओपी जिंदल स्कूल रायगढ़ के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल, आक्रामक रणनीति और शानदार टीमवर्क के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में विद्यालय की अंडर-14 टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, वहीं अंडर-19 टीम ने द्वितीय उपविजेता सेकंड रनर अप का स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

करनाल हरियाणा के एसपीएस स्कूल में खेले जा रहे हॉकी राष्ट्रीय प्रतियोगिता के अंडर-14 बालक वर्ग के फाइनल मुकाबले में ओपी जिंदल स्कूल का सामना वेल्स विद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल एतमिलनाडु से हुआ। मैच के शुरुआती क्षणों से ही के खिलाड़ियों ने आक्रामक रुख अपनाते हुए विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। खिलाड़ियों के बीच बेहतरीन तालमेल, सटीक पासिंग, तेज गति और प्रभावशाली आक्रमण देखने को मिला। पूरे मुकाबले में की टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा और शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 4-1 के विशाल अंतर से जीत दर्ज की। इस शानदार विजय के साथ ओपी जिंदल स्कूल की अंडर-14 बालक टीम ने राष्ट्रीय चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के लिए क्वालीफाई कर लिया। यह उपलब्धि खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रमाण है।

ओपी जिंदल स्कूल की यह उपलब्धि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्टता हासिल करने के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। यह सफलता अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में सक्रिय भागीदारी, निरंतर परिश्रम और बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित करेगी।

प्राचार्य
आरके त्रिवेदी

अंडर-19 टीम ने भी बढ़ाया विद्यालय का मान

अंडर-19 वर्ग में भी की टीम ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए द्वितीय उपविजेता का स्थान हासिल किया। दोनों आयु वर्गों में खिलाड़ियों का प्रदर्शन विद्यालय की सुदृढ़ खेल संस्कृति, निरंतर अभ्यास और टीम भावना को दर्शाता है। टीम के हॉकी कोच जितेंद्र मेवाड़ा तथा हिमांशु ने प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों का निरंतर मार्गदर्शन किया। मैच की परिस्थितियों और विपक्षी टीम की रणनीति को ध्यान में रखते हुए समय समय पर खेल की रणनीति में आवश्यक बदलाव किए गए। खिलाड़ियों ने इन रणनीतियों को मैदान पर प्रभावी ढंग से लागू किया, जिसके परिणामस्वरूप टीम ने शुरुआत से ही खेल पर मजबूत पकड़ बनाए रखी। कोच जितेंद्र मेवाड़ा ने इस सफलता का श्रेय खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, आपसी समन्वय और प्रशिक्षकों के सामूहिक प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों का आत्मविश्वास, संघर्षशीलता और टीम के रूप में एकजुट होकर खेलने का जज्बा इस उपलब्धि की प्रमुख ताकत रहा।



मां चंद्रहासिनी मंदिर न्यास ने सात कंटेंट क्रिएटर्स को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

मां चंद्रहासिनी देवी मंदिर में आयोजित शारदीय नवरात्रि महोत्सव के दौरान गोपाल महाप्रभु एवं मां चंद्रहासिनी देवी मंदिर सार्वजनिक न्यास, चंद्रपुर द्वारा नगर के सात कंटेंट क्रिएटर्स को उत्कृष्ट कंटेंट क्रिएटर सम्मान से सम्मानित किया गया। मंदिर प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध लोकगायक राकेश शर्मा की उपस्थिति में सभी को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले कंटेंट क्रिएटर्स में शिव माली, गणेश निषाद, योगेश नामदेव, आकाश बरेठ, शिवांगी थवाईत, दिलेश देवांगन एवं रिंकू मेहर शामिल हैं।

ये सभी कंटेंट क्रिएटर अपने सोशल मीडिया पेज के माध्यम से चंद्रपुर एवं आसपास के क्षेत्रों की धार्मिक परंपराओं, सांस्कृतिक आयोजनों, स्थानीय व्यवसायों तथा जनसमस्याओं को लोगों तक पहुंचाते हैं। इनके वीडियो के माध्यम से क्षेत्र की संस्कृतिए धार्मिक स्थलों और स्थानीय गतिविधियों का प्रचार प्रसार देश दुनिया तक हो रहा है। डिजिटल माध्यम से क्षेत्र की पहचान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में इन युवाओं की भूमिका सराहनीय है। मंदिर न्यास द्वारा किया गया यह सम्मान स्थानीय प्रतिभाओं के प्रोत्साहन के साथ ही क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक विरासत और जनसरोकारों को डिजिटल मंच पर पहचान दिलाने के उनके प्रयासों का सम्मान है। इस अवसर पर मंदिर न्यास के अध्यक्ष गोविन्द अग्रवाल तथा ट्रस्टी सदस्य शरद अग्रवाल, सुजीत पांडेय एवं सुनील देवांगन सहित अन्य उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने और चंद्रपुर की सांस्कृतिक पहचान को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया।

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत कांग्रेस ने किया पर्चा वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



दशहरा पर्व के अवसर पर आज रामलीला मैदान एवं उसके समीप सत्तीगुड़ी चौक में रावण दहन देखने पहुंचे लोगों की भारी भीड़ के बीच रायगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष शाखा यादव के नेतृत्व में वोट बचाओ देश बचाओ अभियान के तहत पर्चा वितरण किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम नागरिकों तक पहुंचकर मतदाता सूची में कथित अनियमितताओं विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया और मताधिकार की संवैधानिक सुरक्षा से जुड़े सवालों को उठाया। वितरित पर्चे में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से इस्तीफे की मांग के साथ मतदाता सूची की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न आपत्तियां एवं मांगों का विवरण उल्लेख है।

कांग्रेस ने पर्चे के माध्यम से आरोप लगाया कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और फॉर्म 6 में किए गए बदलावों को लेकर गंभीर सवाल सामने आए हैं। पर्चे में चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यशैली पर आपत्ति दर्ज करते हुए कहा गया कि चुनाव आयोग की निष्पक्षता और विश्वसनीयता लोकतंत्र की बुनियाद है। कांग्रेस की प्रमुख मांग है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तत्काल इस्तीफा दें तथा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालों की निष्पक्ष जांच हो। पर्चे में फॉर्म 6 में किए गए बदलावों पर आपत्ति जताते हुए कहा गया कि इससे संदिग्ध नाम जोड़ने तथा वास्तविक मतदाताओं के नाम हटने की आशंका पैदा हुई है।

दुर्गा पूजा में आरती और महाप्रसाद से लेकर ओपेरा तक

- नगर की एकता ने रचा इतिहास, भेदभाव मिटा एक लाइन में बैठे पूरा नगर

पुसौर। नगर पंचायत पुसौर में इस साल दुर्गा पूजा महाभंडारा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि सामाजिक समरसता का ऐतिहासिक उदाहरण बन गया। इस वर्ष आयोजन समिति ने एक नई पहल करते हुए नगर के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जिसके परिणाम स्वरूप यह आयोजन भव्य और ऐतिहासिक रहा। वरिष्ठों की अगुवाई युवाओं का जोश आयोजन को सफल बनाने के लिए कार्य का सुव्यवस्थित विभाजन किया गया।

वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन और अगुवाई में कार्यक्रम की रूपरेखा तय हुई, युवाओं ने दिन रात मेहनत कर उसे धरातल पर उतारा और महिलाओं ने अपनी अलग जिम्मेदारी बखूबी निभाई जिनके कारण मां भगवती का स्तुति गीत के साथ दांडिया का लोगों ने खुब आनंद लिया। यह तीन पीढ़ियों का संगम ही इस पूजा की सबसे बड़ी ताकत बनी। पूजा की शुरुआत भव्य कलश शोभा यात्रा से हुई। प्रतिदिन षोडशोपचार पूजा और महाआरती के साथ देर रात तक चलने वाला ओपेरा नाटक मंचन पुसौर ही नहीं बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों के लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है जबकि इन दिनों लगभग सभी गांवों में दुर्गोत्सव मनाया जा रहा है। पुसौर में महाप्रसाद वितरण का प्रचलन एक दो वर्षों से ही नवकन्या भोजन के रूप में शुरू हुआ है। इसी कड़ी में बीते मंगलवार को आयोजित महाप्रसाद वितरण में श्रद्धालुओं की संख्या देखते ही बन रही थी। सबसे सुखद दृश्य यह रहा कि यहां ऊंच नीच और आपसी भेदभाव मिटा कर सभी श्रद्धालु एक साथ एक ही लाइन में लगकर भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। इस महाप्रसाद वितरण का विधिवत शुभारंभ कर्मचारी पेंशनर संघ के प्रमुखों ने पूजा अर्चना कर किया। आयोजकों की दूरदर्शिता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि पहले लोग पैदल आते थे लेकिन आज हर व्यक्ति दो पहिया वाहन से आता है। इसे ध्यान में रखते हुए .निःशुल्क वाहन पार्किंग नगर पंचायत और आयोजक मंडल ने सभी दर्शकों के वाहनों को सुरक्षित रखने की निःशुल्क व्यवस्था की। जिसके लिए किसी भी प्रकार की राशि नहीं ली गई। महाप्रसाद सुरक्षित पार्किंग के साथ ही श्रद्धालुओं को पवित्र भोजन प्रसाद मिल रहा है। निःशुल्क ओपेरा प्रसाद के साथ ही निःशुल्क ओपेरा नाटक देखने को मिला। सुरक्षा, प्रसाद और मनोरंजन के इस त्रिवेणी संगम ने ही श्रद्धालुओं को इस उत्सव से जोड़ने का काम किया है। पुसौर के दुर्गोत्सव को पूरे अंचल में अलग पहचान दी है।



टूटा रिकार्ड

दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर आयोजित ऐतिहासिक भंडारे में जो दृश्य देखने को मिला उसने पिछले 50 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया। आयोजन स्थल पर महिला पुरुष बच्चे बुजुर्गों का ऐसा जनसैलाब उमड़ा कि पूरा पंडाल परिसर छोटा पड़ गया। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि उन्होंने अपने जीवन में पुसौर में भंडारे में इतनी विशाल भीड़ पहले कभी नहीं देखी। इस बार के आयोजन की सबसे बड़ी खासियत रही इसकी समावेशिता। आयोजक मंडल ने इसे किसी एक मोहल्ले या वर्ग का आयोजन नहीं रहने दिया।

माँ बंजारी धाम में हवन पूजन, कन्यापूजा महाभण्डारा में उमड़ी भक्तों की भीड़

तमनार। सर्वशक्तिपीठ बंजारी माई धाम तराईमाल में शारदीय क्वांर नवरात्र पर्व 72 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन, दुर्गानवमी में सामूहिक हवन पूजन, नवकन्याओं की पूजा अर्चना कर कन्या भोज, ब्राम्हण भोज के बाद महाभण्डारा प्रसाद खिलाया गया। नवमी महाभण्डारा करीब 12 हजार भक्तजनों ने पूजा अर्चना कर महाभण्डारा ग्रहण किया।



शारदीय नवरात्र पर्व 10 अक्टूबर से 20 अक्टूबर तक नवरात्रएदीप प्रज्जवलन, नवदुर्गा सप्तशती विधि विधान के साथ पूजापाठ नवमी को 5 कुण्ड में सामूहिक हवन पूजन में सैकड़ों माता बहनों भक्तजनों ने शामिल होकर आहुति दी गई। विशाल 3 दीप गृह में 3400 ज्योति कलश प्रज्बलित किया गया था। मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करने वालो का नाम प्रदर्शन बोर्ड, कम्प्यूटरीकृत जानकारी के साथ माँ बंजारी की महिमा कार्यक्रमो की माईक सेट से जानकारी दी गई। माँ बंजारी समिति द्वारा पार्किंग पानी पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलन, प्रसाद भोग, महाभण्डारा की बेहतर व्यवस्था की गई। सर्व देवी देवताओ के दर्शन, भारत मानचित्रयुक्त जलाशय में हजारों रंगीन मछलियां, बाल उद्यान में झूला केलो नदी से लगा वनांचल प्राकृतिक मनोरम दृश्य से गदगद हुए। माँ बंजारी मंदिर समिति एवं ज्योति कलश रसीद काटने वाले 105 सेवकों का सराहनीय योगदान रहा। माँ बंजारी समिति द्वारा पार्किंग पानी पूजा अर्चना, दीप प्रज्वलन, प्रसाद भोग, महाभण्डारा की बेहतर व्यवस्था की गई। सर्व देवी देवताओ के दर्शन, भारत मानचित्रयुक्त जलाशय में हजारों रंगीन मछलियां, बाल उद्यान में झूला केलो नदी से लगा वनांचल प्राकृतिक मनोरम दृश्य से गदगद हुए। नवरात्र पर्व में निर्बिघ्न हवन पूजन यज्ञ पूजा पाठ हेतु ।माँ बंजारी मंदिर समिति के पंचराम मालाकार ने कहाकि माँ बंजारी की असीम कृपा से शारदीय क्वांर नवरात्र महोत्सव दीप प्रज्जवलन निर्विघ्न सम्पन्न हुआ।

महामाई दाई की ज्योति जवारा का विसर्जन

सरसींवा। सरसींवा में क्वांर नवरात्रि का पर्व श्रद्धा भक्ति और हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया मंगलवार को मा महामाया मन्दिर में स्थापित ज्योति कलश और ज्वारा का विसर्जन किया गया मांदर की धाप और जसगीत की मधुर धुन के बीच निकली विसर्जन मात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए इस दौरान सरसींवा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुचे लोगो की भीड़ से नगर की गलियां और बाजार गुलजार रहे।

मंगलवार शाम मा महामाया मन्दिर में विधि विधान से पूजा अर्चना के बाद ज्योति कलश और ज्वारा विसर्जन के लिए निकाले गए इस दौरान स्थानीय सेवा जसगीत मण्डली ने मांदर की धाप और जसगीत के माध्यम से पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया जसगीत की धुन पर श्रद्धालु झूमते हुए माता रानी



के जयकारे लगाते रहे विसर्जन यात्रा को देखने के लिए नगर के प्रमुख मार्गो पर लोगो की भारी भीड़ जुटी रही। मनोकामना लेकर जमीन पर लेटे श्रद्धालु. सरसींवा के मा महामाया मन्दिर में ज्योति कलश विसर्जन के दौरान एक विशेष धार्मिक परंपरा निभाई जाती है अपनी मनोकामना की पूर्ति और मातारानी का आशीर्वाद प्राप्त करने की कामना लेकर महिला एवं पुरुष श्रद्धालु मन्दिर परिसर से बाजार चौक तक जमीन पर लेट जाते है इसके बाद सिर पर ज्योति कलश धारण किये मंदिर के पुजारी इन श्रद्धालुओं के ऊपर से पैर रखते हुए आगे बढ़ते है इस परंपरा को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते है श्रद्धालु पूरी आस्था और विस्वास के साथ इस धार्मिक आयोजन में भाग लेते है। तालाब में किया गया ज्योति कलश का विसर्जन.विसर्जन यात्रा के दौरान मांदर की धाप और जसगीत की गूंज से पूरा नगर भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालु मातारानी की आराधना करते हुए विसर्जन स्थल तक पहुचे जहा विधि विधान के साथ ज्योति कलश का विसर्जन किया गया इस आयोजन में नगर के गणमान्य नागरिकों और स्थानीय लीगो ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

गौतम चौक में आयोजित मेले में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

धूमधाम से मना दशहरा, विधायक उमेश रहे मौजूद

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरसिया



खरसिया विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दर्रामुड़ा में विजयादशमी के अवसर पर मंगलवार, 20 अक्टूबर को भव्य दशहरा मेला का आयोजन किया गया। गौतम चौक में आयोजित इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनकी मौजूदगी में भगवान श्रीरामचंद्र जी और वानर सेना की झांकी की पूजा.अर्चना की गई। इसके बाद जोरदार आतिशबाजी के बीच रावण के पुतले का दहन किया गया।

दशहरा मेला देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और आसपास के क्षेत्रों से लोग पहुंचे। पूरे आयोजन में विजयादशमी पर्व के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी उत्साह देखने को मिला। सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव युवा समिति एवं समस्त ग्रामवासी दर्रामुड़ा की ओर से लगातार चौथे वर्ष दशहरा मेला आयोजित किया गया। विधायक उमेश पटेल के ग्राम आगमन पर युवा नेता मुकेश पटेल, गिरीश राठिया, लव पटेल, कुश पटेल और हिन्दू पटेल के नेतृत्व में उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद उन्हें मंच पर सम्मानपूर्वक स्थान दिया गया। समिति के सदस्यों और ग्रामीणों ने मंच पर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। आयोजन में गांव के वरिष्ठजनों का मार्गदर्शन रहा। शांतिलाल पटेल एवं नुतन निषाद के नेतृत्व में युवाओं ने रावण का पुतला तैयार करने सहित कार्यक्रम की तैयारियों में विशेष सहयोग दिया।

जसगीत प्रतियोगिता में पांच टीमों ने दी प्रस्तुति

दशहरा मेला के दौरान रात्रिकालीन जसगीत प्रतियोगिता का फाइनल भी आयोजित किया गया। इसमें पांच जसगीत पार्टियों ने झांकी के साथ अपनी प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता में औरदाए सक्ति की टीम ने प्रथम स्थान हासिल किया। बिछिया, सक्ति की टीम दूसरे और नंदेली, खरसिया की टीम तीसरे स्थान पर रही। वहीं सरजूनी, सक्ति की टीम चौथे तथा सरडामाल, खरसिया की टीम पांचवें स्थान पर रही। प्रतियोगिता में धार्मिक गीतों और झांकियों के माध्यम से कलाकारों ने दर्शकों के सामने अपनी प्रस्तुतियां रखीं।

